दिन–शनिवार दिनांक– 22/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. बिहार आज अपना एक सौ तेरहवें स्थापना दिवस मना रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान तीन दिवसीय समारोह का किया उद्‌घाटन।

02. राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राज्य के स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों की दी शुभकामनाएं।

03. हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को वर्ष, दो हजार चौबीस के ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

04. और, सीवान के भैसारवाल बालिका आश्रय गृह से तीस फीट ऊंची दीवार फांदकर तेरह लड़कियां फरार हुई। एक बरामद, बारह की तलाश जारी।

---

बिहार आज अपना एक सौ तेरहवां स्थापना दिवस मना रहा है। आज ही के दिन वर्ष उन्नीस सौ बारह में बंगाल से अलग कर बिहार को राज्य का दर्जा मिला था। इस वर्ष बिहार दिवस की थीम है उन्नत बिहार विकसित बिहार।

–––म्यूजिक–––

अपनी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर और ऐतिहासिक विरासत के कारण बिहार की पहचान एक ऐसे राज्य के रूप में रही है, जिसने हमेशा से देश को नई राह दिखाई। बिहार का इतिहास कमोबेश मानव सभ्यता का इतिहास माना जाता है, जिसने पूरी दुनिया को लोकतंत्र की अवधारणा से परिचित कराया है।

–––म्यूजिक–––

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के एतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित बिहार स्थापना दिवस समारोह का उद्‌घाटन किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा है कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि बिहार प्रगति और समृद्धि के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के कई भव्य पवेलियन बनाये गये हैं। इनमें बिहार की सभ्यता–संस्कृति, परंपरा, कला, परिधान, खान–पान और विकास की गाथा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। नेशनल बुक ट्रस्ट, एनबीटी की ओर से

पटना पुस्तक महोत्सव का भी आयोजन किया गया है। तीन दिवसीय मुख्य समारोह के दौरान जाने–माने गायक अभिजीत, सलमान अली, रितिका राज और प्रतिभा सिंह बघेल समेत कई मशहूर कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। गांधी मैदान के साथ ही श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल और रवीन्द्र भवन में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

---

बिहार बीमारू राज्य की अवधारणा से तेजी से बाहर निकल रहा है। स्थापना दिवस पर राज्य में पिछले डेढ़ दशक में विकास के गढ़े गए प्रतिमान की भी चर्चा हो रही है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

बिहार ने हाल के दिनों में कई क्षेत्रों में तेज गति से तरक्की की है। आर्थिक क्षेत्र के साथ–साथ पर्यटन, कला, कृषि और ग्रामीण विकास के मामले में देश के कई राज्यों से बेहतर है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य और सड़कों का जाल राज्य की पहचान बन चुका है। बाढ से प्रभावित रहने वाले बिहार ने गंगा उदवह जल परियोजना के तहत सूखा ग्रस्त इलाकों में जल पहुंचा कर इंजीनियरिंग की एक मिसाल कायम की है। सोन नदी और दुर्गावती जलाशय उदवह परियोजना के रुप में इस मॉडल को अन्य क्षेत्र में भी अपनाया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में बिहार ने नौकरियों और पंचायती राज संस्थाओं में आरक्षण के माध्यम से जो काम किये हैं एक दशक बाद उसके डेमोग्रफिक बदलाव दिखने लगे हैं। विशेष उल्लेख के रुप में जीविका दीदियों की हर क्षेत्र में दमदार उपस्थिति को नकारा नहीं जा सकता है। बिहार में विभिन्न क्षेत्र में सामाजिक बदलाव पर शोध करने वाले भैरव लाल दास कहते हैं विकसित बिहार के लिए हमें सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में हमारी व्यापक क्षमताओं का फिर से मूल्यांकन करने की जरुरत है।

–––बाइट भैरव लाल दास–––

बिहार में सकारात्मक बदलावों की बात करें तो सभी का व्यापक योगदान रहा है लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र में किये गये सुधारों को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।
धर्मेन्द्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार पटना।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखंड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार दिवस के अवसर पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में बिहार की प्रशंसा करते हुए कहा है कि यह प्राचीन काल से ही ज्ञान और विकास की भूमि रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा है कि भारतीय इतिहास को गौरवान्वित करने वाला हमारा यह प्रदेश आज अपनी विकास यात्रा के महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने अपने बधाई संदेश में उम्मीद जतायी है कि बिहार पहले से भी अधिक गौरव के साथ नये भारत के विकास और प्रगति में अपनी भूमिका निभायेगा। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेताओं ने लोगों को बिहार दिवस की बधाई दी है।

---

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बिहारवासियों को बिहार दिवस की बधाई दी।

———बाइट———

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने कहा कि बिहार दिवस बिहार की प्रगति का प्रतीक है। आज बिहारी कहलाना दुनिया के किसी भी कोने में गर्व की बात है।

———बाइट———

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने बिहार दिवस के अवसर पर राज्य के सभी लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

———बाइट———

सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्री महेश्वर हजारी ने बिहार स्थापना दिवस के अवसर पर समस्त प्रदेश वासियों को बिहार दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

---

बिहार दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। कैमूर, लखीसराय और बेगूसराय में प्रभात फेरी निकाली गयी। इधर, अरवल जिले में साइकिल रैली तथा प्रशासन एकादश और मीडिया एकादश के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। भागलपुर में बिहार दिवस को लेकर सैंडीस कम्पाउंड में बिहार गीत और बिहार गान की प्रस्तुति की गयी। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल भी लगाये गये। शेखपुरा में जिला प्रशासन की ओर से जगजीवन स्टेडियम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहानाबाद जिले में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल कैंपस में राष्ट्रीय रेबीज कंट्रोल कार्यक्रम के तहत एंटी रेबीज क्लिनिक का उद्घाटन किया गया। विभिन्न जिलों में भाषण, रंगोली, वाद–विवाद, पेंटिंग प्रतियोगिता समेत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

---

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी बिहार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

श्रीलंका की राजधानी कोलम्बों में भी बिहार दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बिहार की संस्कृति और ऐतिहासिक विरासतों को प्रस्तुत किया गया।

---

प्रसिद्ध हिन्दी साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को वर्ष, दो हजार चौबीस के प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। ज्ञानपीठ प्रवर परिषद की बैठक में यह फैसला किया गया। छत्तीसगढ़ के रहने वाले अट्ठासी वर्षीय श्री शुक्ल हिन्दी के बारहवें साहित्यकार हैं, जिन्हें सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। उनकी प्रसिद्ध उपन्यास में नौकर की कमीज, दीवार में खिड़की रहती थी और खिलेगा तो देखेंगे शामिल हैं। श्री शुक्ल ने अवार्ड की घोषणा पर प्रसन्नता जताई है।

———बाइट———

---

राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां ने आज मुंगेर विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह के दौरान अड़तालीस छात्र–छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान किये। श्री खां ने आरडी एंड डीजे कॉलेज परिसर में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में विन्रमता के बिना कोई भी परिश्रम सफल नहीं हो सकता है।

———बाइट———

---

सीवान के भैसारवाल स्थित वृहद बालिका आश्रय गृह से तेरह लड़कियां फरार हो गयी हैं। जानकारी के अनुसार देर रात करीब तीस फीट ऊंची आश्रयगृह की दीवार फांदकर ये लड़कियां फरार हो गयीं। बालिका गृह की वार्डन रिंकू झा ने स्थानीय थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मामले की छानबीन कर रहे हैं। जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने बताया है कि एक लड़की को बरामद कर लिया गया है, जबकि आठ लड़कियां अपने परिवार के और चार लड़कियां पहचानवालों के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में आश्रय गृह के तीन कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई हैं। इन सभी पर कार्रवाई की जाएगी।

---

बिहार इंडस्ट्रीज एसोशिएसन और वियतनाम की एक संस्था के बीच व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आज पटना में एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये गए। समझौता पत्र पर वियतनाम इंटरनेशल इंटरप्रेन्योर नेटवर्किंग क्लब के अध्यक्ष डिन्ह विन्ह कोंग और बीआईए के अध्यक्ष के. पी. केसरी ने हस्ताक्षतर किये। श्री केसरी ने कहा कि समझौते से वियतनाम और बिहार उद्योग, व्यापार, पर्यटन और तकनीकों के साझीदारी में मिलकर आगे बढ़ेगे।

---

प्रदेश के विभिन्न भागों में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई है। जिससे न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कमी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग के रिपोर्ट के अनुसार मधुबनी के अंधराठाढ़ी में सबसे अधिक तीस दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केंद, पटना ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। इस दौरान गया, नवादा, औरंगाबाद, जमुई, बांका, मुंगेर और भागलपुर जिले में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और ओलावृष्टि की आशंका है। इसे लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———बाइट———

---

पटना के पाटलिपुत्र स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स में खेले जा रहे सेपक टाकरा विश्व कप प्रतियोगिता के महत्वपूर्ण मुकाबले में भारतीय महिला डबल्स टीम ने चीन को दो–शून्य से और फ्रांस को दो–शून्य से पराजित कर दिया। वहीं, भारतीय पुरूष डबल्स की टीम ने पोलैंड की टीम को दो–शून्य से हराया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. बिहार आज अपना एक सौ तेरहवें स्थापना दिवस मना रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान तीन दिवसीय समारोह का किया उद्घाटन।

02. राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राज्य के स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों की दी शुभकामनाएं।

03. हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को वर्ष, दो हजार चौबीस के ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

04. और, सीवान के भैसारवाल बालिका आश्रय गृह से तीस फीट ऊंची दीवार फांदकर तेरह लड़कियां फरार हुई। एक बरामद, बारह की तलाश जारी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।